RAF SECTOR

NEWS CLIP

22/10/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Prayagraj (UP)

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को पुष्प अर्पित करते फाफामऊ स्थित आरएएफ के कमांडेंट आरके निगम व अन्य अधिकारी • जागरण

Amar Ujala, Prayagraj (UP)

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकार्मियों को सलामी दी गई। वहीं आरएएफ के जवानों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। अमर उजाला

शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

स्मृति दिवस: शहीदों के आश्रितों को अधिकारियों ने किया सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

प्रयागराज। चतुर्थ वाहिनी पीएसी में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस वालों को को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एडीजी समेत सभी अधिकारियों ने कर्तव्य पथ पर बलिदान देने वाले पुलिस कर्मियों को शोक सलामी भी दी गई। प्रयागराज के शहीद पुलिस वालों के आश्रितों को सम्मानित भी किया गया।

21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर फोर्स अपने उन जांबाजों को याद करती है, जिन्होंने कर्तव्य पथ पर खुद को शहीद कर लिया। एडीजी प्रेम प्रकाश, आईजी केपी सिंह और डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी समेत सभी अधिकारियों ने शोक सलामी दी और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीदों के आश्रितों मंजू देवी, निशा देवी, सत्येंद्र कुमार और सुनीता देवी को अधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि पुलिस का हर दिन अपराध खत्म करने का दिन होता है, लेकिन आज हम अपने साथियों की याद में सिर झुकाए खड़े हैं, जिन्होंने अपना जीवन कर्तव्य पालन में लगा दिया। डीआईजी ने वालीबाल मैच का उद्घाटन भी किया।

शोक सलामी देते अफसर।

महिला प्रशिक्षणार्थियों को दायित्वों के बारे में बताया: डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहीं महिला प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में जानकारी दी व पुलिसिंग के बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया।

आरएएफ: शहीदों को किया याद, श्रद्धांजलि

प्रयागराज। 101 आरएएफ बटालियन में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को याद किया गया और श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर कमांडेंट आरके निगम ने बताया कि आज के दिन सन 1959 में सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन की एक कंपनी के 21 जवानों ने हॉट स्प्रिंग पोस्ट पर चीनी सेना से डटकर मुकाबला किया और उनके आक्रमण को विफल किया। सीआरपीएफ के 10 जवानों ने शहादत दी, जिसके कारण इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार (द्वितीय कमान) अधिकारी पवन कुमार (उप कमान) आदि रहे।

Dainik Bhaskar, Jamshedpur (JKD)

पुलिस स्मृति दिवस • सीआरपीएफ ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि, स्मारक पर माल्यार्पण

वीर शहीदों की याद में दी सशस्त्र सलामी

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के विभिन्न कार्यालयों की ओर से सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन द्रुत कार्य बल के परेड ग्राउंड में पुलिस स्मृति दिवस मनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक आशु शुक्ला व विशिष्ठ अतिथि 106 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वितीय कमान अधिकारी- 106 विनोद कुमार शामिल हुए। शहीदों के सम्मान में निर्मित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया। शहीदों को सशस्त्र सलामी दी गई। आशु शुक्ला ने कहा - 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के अक्साई चीन स्थित हॉट स्प्रिंग भारत-तिब्बत सीमा पर जो समुद्र तल से 15-16 हजार फुट की ऊंचाई पर है, वहां सीआरपीएफ के 21 जवानों ने चीनी सेना की बड़ी टुकड़ी से साथ देश की शान को बचाने के लिए प्राणों को न्यौछावर कर पोस्ट की रक्षा की। कार्यक्रम में 106 बटालियन द्रुत कार्य बल के शहीद एएसआई महेंद्र यादव को भी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में वाहिनी के उप कमांडेंट अनमी शरण, पीके मिश्रा, जयप्रकाश कुमार उपस्थित थे।

शहीद स्मारक पर माल्यार्पण करते जवान।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए फोन नंबर जारी

पुलिस महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार महिलाओं/किशोरियों से अत्याचार व छेड़खानी रोकने के लिए पुलिस ने वाट्सएप नंबर 9508280796 जारी किया है। एसएसपी डॉ. एम तमिल वाणन ने कहा- सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश, फोटो, मैसेज भेज तंग करने, स्कूल/कॉलेज या ट्यूशन आते-जाते समय फब्तियां कसने, पीछा करने, घूरने वालों की सूचना इन नंबर पर दें, कार्रवाई की जाएगी।

Photos of Police Commemoration Day



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।